# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- गोरखपुर में होगी प्रदेश के पहले रोड टू स्कूल प्रोजेक्ट की शुरूआत। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज करेंगे शुभारम्भ।
- पुलिस भर्ती परीक्षा के लिये आज से जारी होंगे प्रवेश पत्र। परीक्षा की तिथियों से तीन दिन पहले प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे अभ्यर्थी।
- एमबीबीएस और बीडीएस में प्रवेश के लिये उत्तर प्रदेश कोटा की सीटों पर नीट काउंसिलिंग आज से।
- प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में आज भोर से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला। कई जिलों में बढ़ रहा है नदियों का जलस्तर।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में प्रदेश के पहले रोड–टू स्कूल प्रोजेक्ट का शुभारम्भ करेंगे। कक्षा एक से आठ तक के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के समग्र विकास के लिये शुरू हो रहे इस प्रोजेक्ट के अन्तर्गत पहले चरण में चरगांवा ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालयों को सम्मिलित किया गया है। उद्योग जगत के अशोक लीलैण्ड लिमिटेड और उसके सहयोगी लर्निंग लिंक फाउंडेशन ने बेसिक शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट की शुरूआत की है। इसके दूसरे चरण में भटहट ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालयों को शामिल किया जायेगा।

इसके पहले कल दोपहर बाद गोरखपुर दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बन रहे स्टेट ऑफ आर्ट–सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही उन्हें विश्व स्तरीय मानक के अनुरूप तैयार करने और उनके पाठ्यक्रमों को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को तकनीकी शिक्षा का मॉडल बनाना है। इसमें यहां बन रहा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बड़ी भूमिका निभाएगा।

**********

सिपाही भर्ती की दोबारा होने वाली लिखित परीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड आज से प्रवेश पत्र जारी करेगा। बोर्ड की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से आज शाम पांच बजे से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा की अलग–अलग तिथियों के मुताबिक अभ्यर्थी तीन दिन पहले प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों की परीक्षा 23 अगस्त को है, उनका प्रवेश पत्र आज जारी होगा। प्रवेश पत्र दिखाकर अभ्यर्थी रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के लिये अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के साथ एक फोटो और पहचान पत्र भी लाना होगा। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पुलिस भर्ती परीक्षा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जायें। उन्होंने कहा कि परीक्षा में किसी भी दशा में गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। इसके लिये सभी केन्द्रों पर पैनी नजर रखी जाए। साठ हजार दो सौ चौवालीस पदों पर सिपाहियों की भर्ती के लिये परीक्षा तेइस, चौबीस, पच्चीस, तीस और इकतीस अगस्त को सड़सठ जिलों के एक हजार एक सौ चौहत्तर परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।

**********

प्रदेश के निजी नलकूप चलाने वाले किसान अब मुफ्त बिजली हासिल करने के लिये इकतीस अगस्त तक पंजीकरण कर सकेंगे। पावर कार्पोरेशन के प्रबंध निदेशक ने पंजीकरण की अन्तिम तिथि बढ़ाते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को गांव–गांव में योजना के प्रसार के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की ओर से निजी नलकूपधारक किसानों को मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया गया है। इस योजना को लेकर मई महीने में आदेश जारी किया गया। योजना के तहत उन्हीं किसानों को मुफ्त बिजली मिलेगी जो विभागीय पोर्टल पर अपना पंजीकरण करेंगे और इकतीस मार्च दो हजार तेइस से पहले का बकाया भुगतान कर देंगे।

**********

पदम पुरस्कारों से सम्मानित सत्तर से अधिक डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। इन डॉक्टरों ने कहा है कि चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा पर तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

उधर, इस मामले को लेकर डॉक्टरों का प्रदर्शन कल भी जारी रहा। लखनऊ के एसजीपीजीआई में डॉक्टरों ने प्रदर्शन के साथ नुक्कड़ नाटक कर विरोध दर्ज कराया। सैकड़ों की संख्या में डॉक्टरों ने अपनी सुरक्षा को लेकर सरकार से कानून बनाने की मांग की।

**********

एम्स गोरखपुर में हृदय रोगियों के उपचार की व्यवस्था आने वाले दिनों में मजबूत होगी। यहां कार्डियक केयर यूनिट के निर्माण के साथ ही कैथ लैब बनाया जायेगा। इस सम्बन्ध में पद्मश्री से सम्मानित कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर प्रवीण चन्द्रा कल एम्स पहुंचे और एम्स के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर गोपाल कृष्ण पाल के साथ कैथ लैब की समीक्षा की।

**********

एमबीबीएस और बीडीएस मे प्रवेश के लिये उत्तर प्रदेश स्टेट कोटा की सीटों पर नीट काउंसिलिंग आज से शुरू होगी। चौबीस अगस्त तक चलने वाली काउंसिलिंग में पहले दिन छात्र–छात्राओं के दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा। अभ्यर्थी पंजीकरण केवल ऑनलाइन माध्यम से आधिकारिक वेबसाइट यूपी नीट डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर कर सकेंगे। काउंसिलिंग के लिये आज से चौबीस अगस्त तक पंजीकरण और अभिलेखों के अपलोड करने के साथ पंजीकरण और धरोहर धनराशि भी जमा की जायेगी। चौबीस अगस्त को मेरिट सूची जारी होगी और इसके बाद अभ्यर्थी उन्तीस अगस्त तक ऑनलाइन च्वाइस लॉक कर सकेंगे।

**********

सावन का पवित्र माह कल पूर्णिमा तिथि पर विशेष पूजा–अर्चना के साथ सम्पन्न हो गया। इस बार सावन में यह सुखद संयोग भी रहा कि इसका आरम्भ और समापन दोनों ही सोमवार के दिन हुआ। सावन के आखिरी सोमवार को देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक और दर्शन–पूजन करने के लिये कल प्रदेश भर के शिवालयों में शाम तक भक्तों की कतारें लगी रहीं। अयोध्या में सावन के अन्तिम सोमवार पर बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने सरयू में स्नान कर सिद्धपीठ नागेश्वर नाथ पर जलाभिषेक किया। कानपुर नगर में स्थित आनंदेश्वर, सिद्धेश्वर नाथ, भूतेश्वर नाथ, वनखंडेश्वर, थानेश्वर, कोतवालेश्वर, झगड़ेश्वर, महादेव समेत अन्य सभी शिवालयों में भी भक्तों की भीड़ लगी रही। बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव के पौराणिक शिव मंदिर में सावन के अन्तिम सोमवार पर विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। यहां कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच लगभग पांच लाख श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन अर्चन और जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना की। वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम समेत मारकंडेय महादेव और सारनाथ मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। सावन पूर्णिमा पर कल बाबा विश्वनाथ को तिरंगा राखी बांधकर भाई–बहन के प्यार को बनाए रखने का संदेश दिया गया।

गोरखपुर में सावन के पूरे माह शिवालयों पर शिवभक्तों की श्रद्धा का उमंग देखते ही बना। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***श्रावण मास का समापन पांचवें व अंतिम सोमवार की पूजा अर्चना के साथ कल हो गया। श्रद्धालुओं ने बड़े ही आस्था भाव के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया।***

***जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों महादेव झारखंडी मंदिर, बाबा मुक्तेश्वर नाथ मंदिर, मानसरोवर मंदिर, पिपराइच स्थित बाबा मोटेश्वर नाथ मंदिर, भरोहोयाँ पीपीगंज स्थित भगवान भोलेनाथ मंदिर इत्यादि शिवलियों में श्रद्धालुओं का तांता सुबह से ही लग रहा। हाथों में जल दूध भांग बेलपत्र धतूर इत्यादि लिए श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर अपनी आस्था निवेदित की। इसके साथ ही कल श्रावण मास का समापन हो गया।आकाशवाणी समाचार के लिए गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर***

**********

राज्य के पूर्वी हिस्सों में आज भोर से रूक–रूक कर मध्यम से तेज बारिश हो रही है। बारिश के कारण लोगों को उमस से काफी राहत मिली है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आज सोनभद्र, गाजीपुर, वाराणसी, गोरखपुर, देवरिया, सिद्धार्थनगर, अम्बेडकरनगर, बुलंदशहर, मुरादाबाद सहित कई जिलों में गरज–चमक के साथ मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। उधर, वाराणसी जिले में गंगा नदी के जल स्तर में एक सेंटीमीटर प्रति घंटा की दर से बढ़ोत्तरी होने से कई पक्के घाट जलमग्न हो गये हैं। बलरामपुर जिले में सीमावर्ती भारत नेपाल की पहाड़ियों पर हुई वर्षा के कारण कई पहाड़ी नाले उफान पर हैं। गोरखपुर में सरयू नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी होने से जिले के बड़हलगंज क्षेत्र के कई गांव प्रभावित हुए हैं। इस क्षेत्र में सिंचाई विभाग के बाढ़ खण्ड की टीम लगातार बंधों का निरीक्षण कर बचाव कार्य में जुटी हुयी है।

**********